# संभाग पोस्ट

साप्ताहिक

RNI: MPHIN/2015/60688

जिलों से संभाग तक का सच

email:sambhagpost@gmail.com

वर्ष-10 । अंक-1 । प्रति मंगलवार, इंदौर, 9 जून 2026 से 15 जून 2026 । । मूल्य- 2 रु. । पृष्ठ- 8




कलेक्टर खरगोन
भव्या मित्तल

## सिरवेल के जिम्मेदारों की मौन सहमति से

# घोटाले का खेल!

## सरपंच-सचिव पर कब जागेगा प्रशासन



CEO कंचन डोंगरे
जनपद पंचायत भगवानपुरा







# CEO की स्वीकारोक्ति के बावजूद क्यों ठंडे बस्ते में है कार्रवाई?



संभाग पोस्ट
महादेव के नाम पर 'महा-घोटाला'
CEO कंचन डोंगरे
जनपद पंचायत भगवानपुरा
आस्था की आड़ में
'अवैध वसूली' का खेल !
सरपंच-सचिव का 'अवैध वसूली' तांडव, पंचायत के खातों में सन्नाटा!
SPECIAL REPORT
नवीन गलकर
अजब इंदौर की गजब पुलिस, थानेदार का 'झूठ' अब यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पकड़ेंगे ?

संभाग पोस्ट ने 24 मार्च 2026 के अंक में प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

## शिकायतों का ढेर, फिर भी दोषियों को संरक्षण का खेल!
## आखिर कब तक जारी रहेगा भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान?

सिरवेल के महादेव सब देख रहे हैं, लेकिन क्या प्रशासन भी देख रहा है? यदि जिला प्रशासन इस मामले में अब भी मौन रहता है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि 'कमीशन राज' की जड़ें कितनी गहरी हैं। जांच के नाम पर लीपा-पोती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सवाल तो कलेक्टर मैडम से भी है, क्या मैडम आप तक भी महादेव और उनके भक्तो के साथ किये गये छल रुपी मलाई का हिस्सा पहुंच गया हैं ?


(विस्तृत समाचार पृष्ठ 3 पर)







## सुविचार

क़दर करना सीख लीजिए, ना ज़िंदगी वापस आती है, ना ज़िंदगी में आए हुए लोग। कई बार तबीयत दवा लेने से नहीं

## संपादकीय

# प्रतिरोध के तेवर

मुख्य न्यायाधीश की कॉकरोच वाली टिप्पणी के प्रतिरोध में व्यंग्यात्मक रूप में अस्तित्व में आई कॉकरोच जनता पार्टी ने आखिरकार आभासी दुनिया से निकलकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर दस्तक दे ही दी। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके के दिल्ली पहुंचने और हजारों युवाओं की भागीदारी के बाद शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग के साथ प्रदर्शन समाप्त हो गया। सीजेपी का आरोप है कि नीट परीक्षा रद्द होने के बाद कई छात्रों ने आत्महत्या की है। पिछले दिनों सीजेआई द्वारा 'फेक डिग्री वाले युवाओं' की तुलना कॉकरोच से करने के बाद ऑनलाइन व्यंग्यात्मक आंदोलन के जमीन पर उतरने और विपक्षी दलों के समर्थन ने निश्चय ही सरकार की चिंता बढ़ाई है। ऑनलाइन मूवमेंट को लाखों युवाओं का समर्थन मिलने के बाद सरकार ने पहले सख्ती भी दिखायी थी। जंतर-मंतर के प्रदर्शन के बाद अभिजीत दीपके ने सरकार को सात दिन का समय देने की बात कही। साथ ही इसे महज एक ट्रेलर बताया है। उनकी दलील थी कि यह पार्टी योजनाबद्ध नहीं, स्वतःस्फूर्त पार्टी है और सरकार से नाराज हर छात्र की आवाज बनेगी। पार्टी ने देश में युवाओं को रोजगार न मिलने का आरोप भी लगाया। पार्टी का मानना है कि सरकार शिक्षा व्यवस्था सुधारने में तो नाकाम रही ही है, लेकिन उन परीक्षाओं को भी पारदर्शी ढंग से आयोजित नहीं कर पा रही है, जो देश के लाखों युवाओं का भविष्य तय करते हैं। यह भी कि व्यवस्था की विफलता से लाखों युवाओं के सपने टूटे हैं, जो अब कॉकरोच को प्रतिरोध का प्रतीक बनाकर विरोध जता रहे हैं। राजनीति के पंडित जंतर-मंतर में सीजेपी को प्रदर्शन के लिये अनुमति दिए जाने पर हैरानी जता रहे हैं। उनका मानना है कि पड़ोसी देशों में जेन ज़ी पर हुई सख्ती के बाद उग्र होने वाले आंदोलन सरकार को याद आए हैं, यही वजह है कि उसने कुछ उदारता बरती है। साथ ही यह भी कोशिश है कि देश के लाखों परिवारों से जुड़ा पेपर लीक का गुस्सा किसी तरह शांत हो जाए। यूं तो विषम आर्थिक परिस्थितियों में बेरोजगारी तो बढ़ी है, साथ ही रोजगार देने वाली व्यवस्था की विफलता देश के युवाओं को अशांत कर रही है। वे अपने भविष्य को लेकर खासे चिंतित हैं। इसीलिए शिक्षा और रोजगार देने वाली व्यवस्था का मुद्दा युवाओं को प्रभावित कर रहा है। विपक्षी राजनीतिक दल आरोप लगा रहे हैं कि यह आंदोलन युवा अशांति,जवाबदेही और असहमति की स्वतंत्रता का प्रतीक बन रहा है। तभी युवाओं ने हेय दृष्टि से देखे जाने वाले जीव कॉकरोच यानी तिलचट्टे को जीवटता के प्रतीक के रूप में परिभाषित किया है। यह बताने की कोशिश कि मुश्किल हालात में भी वे अपनी बात को रखते रहेंगे। युवाओं का मानना है कि पार्टी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अंकुश लगाना डिजिटल लोकतंत्र को नियंत्रित करने का प्रयास है। युवाओं की मांग है कि स्वस्थ लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त असहमति को शांतिपूर्ण ढंग से स्वीकार किया जाए। कहा जा रहा है कि कॉकरोच आंदोलन ने लोकतंत्र के सभी हितधारकों मसलन राजनीतिक वर्ग, नौकरशाही, न्यायपालिका तथा मीडिया को आत्मनिरीक्षण का मौका दिया है।

## परिवहन एसआई ट्रांसपोर्ट के साथ लॉ एंड ऑर्डर भी संभालेंगे

■ **भोपाल । संभाग पोस्ट**

मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल में परिवहन उप निरीक्षक बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) आदर्श कटियार के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रशिक्षण 9 मार्च से 5 जून तक संचालित किया गया, जिसमें 21 परिवहन उप निरीक्षक शामिल थे। यह ट्रांसपोर्ट के साथ ही जरूरत होने पर लॉ एंड ऑर्डर भी संभालेंगे। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस सेवा एवं यातायात प्रबंधन से संबंधित विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आंतरिक प्रशिक्षण में नवीन आपराधिक कानूनों, मोटरयान अधिनियम, विभिन्न पुलिस अधिनियमों, नियमों एवं प्रक्रियाओं, पुलिस अनुशासन, नेतृत्व विकास, धैर्य व्यावसायिक दक्षता जैसे महत्वपूर्ण विषयों का अध्ययन कराया गया। बाह्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षु अधिकारियों को आर्म्स प्रशिक्षण, परेड, बलवा नियंत्रण (रायट ड्रिल), शारीरिक प्रशिक्षण (पीटी), योग एवं अन्य फील्ड गतिविधियों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। डायल-112, पुलिस कमिश्नरेट, पुलिस मुख्यालय, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) आदि का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया।

# अनुजा सहाई के 'आर्टिक्युलेट विद अनुजा' में स्वामी अभेदानंद के साथ अध्यात्म, आत्मबोध और जीवन की गहन यात्रा







Stay Aware! Stay Articulate!

**जब संगीत आत्मा को छूता है और अध्यात्म मन को दिशा देता है, तब संवाद केवल बातचीत नहीं रह जाता, वह एक अनुभव बन जाता है। ऐसा ही एक भावपूर्ण और विचारोत्तेजक अनुभव देखने को मिला दैनिक भास्कर प्रस्तुत Articulate With Anuja के नवीनतम एपिसोड में, जहाँ गायिका-अभिनेत्री अनुजा सहाई ने चिन्मय मिशन साउथ अफ्रीका के रेजिडेंट आचार्य एवं आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी अभेदानंद का स्वागत किया।**

अपनी मधुर आवाज़, अभिनय प्रतिभा और सकारात्मक व्यक्तित्व के लिए जानी जाने वाली अनुजा सहाई ने वर्षों से संगीत और मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। बजवा शहनाई, पायल और मुंडा जैसे लोकप्रिय गीतों से दर्शकों का दिल जीतने वाली अनुजा को प्लेबैक सिंगिंग का पहला अवसर तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में मिला, जहाँ उन्होंने प्रसिद्ध गायिका सुनिधि चौहान के साथ एल्बम स्पेस साझा किया। संगीत, अभिनय और सार्थक संवादों के माध्यम से लोगों से जुड़ना उनकी पहचान बन चुका है।

इस विशेष एपिसोड में चर्चा केवल अध्यात्म तक सीमित नहीं रही, बल्कि जीवन के उन प्रश्नों तक पहुँची जो हर व्यक्ति कभी न कभी स्वयं से पूछता है। आत्मबोध, जीवन का उद्देश्य, रिश्तों की गहराई, आंतरिक शांति और आधुनिक जीवन में प्राचीन ज्ञान की प्रासंगिकता जैसे विषयों पर स्वामी अभेदानंद ने अत्यंत सरल किंतु गहन विचार साझा किए।

उन्होंने बताया कि अध्यात्म किसी विशेष स्थान, वेशभूषा या कर्मकांड तक सीमित नहीं है। यह स्वयं को जानने, अपने भीतर की शांति को पहचानने और जीवन को अधिक जागरूकता, करुणा और संतुलन के साथ जीने की यात्रा है। उनके विचारों ने यह संदेश दिया कि बाहरी उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है अपने भीतर के व्यक्ति से जुड़ना।

इस अवसर पर अनुजा सहाई ने कहा, 'मुझे हमेशा लगता है कि संगीत, कला और अध्यात्म एक ही स्रोत से निकलते हैं। स्वामी अभेदानंद जी के साथ यह संवाद मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक और समृद्ध करने वाला अनुभव रहा। उनकी सरलता और जीवन को देखने का दृष्टिकोण हर आयु वर्ग के लोगों को छू सकता है। 'आर्टिक्युलेट विद अनुजा' के माध्यम से मेरा प्रयास है कि ऐसे संवाद लोगों तक पहुँचें जो उन्हें सोचने, समझने और स्वयं को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करें।'

Articulate With Anuja अपने मूल विचार 'Stay Aware! Stay Articulate!' के साथ विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायी हस्तियों को एक मंच पर लाता है। यह केवल एक पॉडकास्ट नहीं, बल्कि विचारों, अनुभवों और जीवन मूल्यों को साझा करने की एक सार्थक पहल है।

स्वामी अभेदानंद के साथ यह विशेष एपिसोड दर्शकों और श्रोताओं को जीवन को एक नए दृष्टिकोण से देखने, स्वयं से जुड़ने और अधिक संतुलित, जागरूक तथा उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है। आज के शोरगुल भरे समय में यह संवाद एक शांत प्रार्थना की तरह है, जो मन को ठहरने, सुनने और भीतर झाँकने का अवसर देता है।

# यादव समाज कोर कमेटी ने क्रांतिकारी राव तुलाराम यादव की प्रतिमा स्थल पर वृक्षारोपण किया



■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

यादव समाज कोर कमेटी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर समाज के शक्ति के केंद्र 'राव तुलाराम यादव प्रतिमा स्थल' टीसीएस चौराहा पर भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक, अध्यक्ष गुलशन यादव ने सभी आगंतुक अतिथियों का अंगवस्त्र पहना के हार्दिक स्वागत किया और स्वागत भाषण संस्था के मार्गदर्शक डॉ.आरडी यादव ने दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और आरएसएस के पर्यावरण विभाग के सह–कार्यवाह श्री मनीष जी जोशी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज को उद्बोधन देते हुए विभिन्न तरीके से पर्यावरण को संरक्षित करने के कई उपाय बताए। जलसंरक्षण और जलसंवर्धन करने पर जोर दिया। इस प्रमुख उद्बोधन के पश्चात सभी अतिथियों और समाज के सभी वरिष्ठजनों द्वारा 'राव तुलाराम यादव प्रतिमा स्थल' पर वृक्षारोपण किया गया और 40 पौधे रोपे गए। यादव समाज कोर कमेटी के समस्त पदाधिकारियों द्वारा इन पौधों को वृक्ष बनाने के लिए इनके पालन पोषण की जिम्मेदारी ली गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री मनीष जोशी, डॉ. आरडी यादव, इंजी. पुरुषोत्तम यादव,पूर्व आईजी अशोक यादव, निम्बू पहलवान यादव,पूर्व न्यायाधीश सुबीर यादव, डॉ.रमन यादव,राकेश यादव,कैलाश यादव एड., रामसमुझ यादव,प्रेम कुमार यादव, योगाचार्य वीरसिंह यादव, पूर्व टीआई शिवमूरत यादव, राजेश यादव पत्रकार, राजू यादव,राजेंद्र यादव ददू एड.प्रमोद यादव,जगन्नाथ यादव, विनोद यादव,गौरव यादव,मुकेश यादव, रामकिशोर यादव, राजेंद्र यादव,मुकेश यादव (नगर निगम), एमडी यादव,दिनेश यादव,अमरसिंह यादव, मनोज यादव, संगीता यादव,मंजू यादव,उमेश यादव,संतोष यादव आदि समाजजन सहित साथीगण गब्बर वर्मा,रवि गोरे उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य वीरसिंह यादव ने किया और आभार प्रदर्शन एमडी यादव ने किया।




## सिरवेल के जिम्मेदारों की मौन सहमति

### आखिर कब तक जारी रहेगा

# भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान..?

SPECIAL REPORT

नवीन गलकर

खरगोन/सिरवेल। संभाग पोस्ट' द्वारा पूर्व में उजागर किए गए सिरवेल महादेव मेला घोटाले का मामला अब और गहरा गया है। आस्था के नाम पर जो अवैध वसूली का खेल महाशिवरात्रि 2026 के अवसर पर शुरू हुआ था, उसकी परतें अब जैसे-जैसे खुल रही हैं, प्रशासनिक तंत्र की संवेदनहीनता और भ्रष्टाचार का नंगा नाच सामने आ रहा है।

कलेक्टर खरगोन, जिला पंचायत और अन्य संबंधित उच्च अधिकारियों को दी गई ढेरो शिकायतों के बावजूद, प्रशासनिक गलियारों में एक अजीब सा सन्नाटा पसरा है। यह सन्नाटा इस बात की पुष्टि करता है कि सरपंच और सचिव को संरक्षण देने का एक अदृश्य नेटवर्क सक्रिय है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि जनपद पंचायत भगवानपुरा की सीईओ कंचन डोंगरे ने 'संभाग पोस्ट' से फोन पर बातचीत के दौरान खुद इस बात को स्वीकार किया था कि 'प्रक्रियाओं की धज्जियां उड़ाई गई हैं और राशि पंचायत के खाते में जमा नहीं हुई है।' इसके बावजूद, न तो कोई ठोस जांच हुई, न ही किसी पर **FIR** दर्ज की गई। क्या 'फर्स्ट टाइम' या 'अधूरी जानकारी' की आड़ में घोटालेबाजों को भ्रष्टाचार का लाइसेंस दे दिया गया है? जनपद कार्यालय भगवानपुरा में पूर्व में लोकायुक्त द्वारा लेखा अधिकारी के रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जाने और उसमें सीईओ के नाम का जिक्र आने के बाद ऐसा लगता है, कि जनपद स्तर पर कमीशनखोरी का जो 'ऑफर' चल रहा है, उसमें सिरवेल पंचायत की भूमिका महज एक हिस्सा है? ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर से नीचे तक की पूरी मशीनरी इस 'कमीशन राज' को बचाने में जुटी है।




सिरवेल के सरपंच-सचिव की धांधली सिर्फ मेले तक ही सीमित नहीं है। हाट बाजार में शेड निर्माण के कार्य में भी बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई है। आरोप है कि निर्माण कार्य में न केवल घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, बल्कि सरकारी राशि का बंदरबांट कर निर्माण कार्य संपन्न दिखा दिया गया। यह शेड, जो ग्रामीणों की सुविधा के लिए था, अब भ्रष्टाचार का जीता-जागता स्मारक बनकर खड़ा है।

सिरवेल के महादेव सब देख रहे हैं, लेकिन क्या प्रशासन भी देख रहा है? यदि जिला प्रशासन इस मामले में अब भी मौन रहता है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि 'कमीशन राज' की जड़ें कितनी गहरी हैं। जांच के नाम पर लीपा-पोती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सवाल तो कलेक्टर मैडम से भी है, क्या मैडम आप तक भी महादेव और उनके भक्तो के साथ किये गये छल रुपी मलाई का हिस्सा पहुंच गया हैं ? यदि समय रहते इन घोटालेबाजों पर ईंधं दर्ज नहीं की गई और अवैध निर्माण में हुई गड़बड़ी की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो इस 'कमीशन राज' के सभी चेहरों को बेनकाब करने का अभियान और तेज होगा।

# सच्ची साझेदारी के लिए सिर्फ समझौते ही नही अपनत्व और विश्वास भी महत्वपूर्ण - मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

## वर्तमान में केन्द्र एवं राज्य सरकार मध्यप्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास हेतु लगातार कर रही है निवेश

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लेटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के राजदूतों को बताए प्रदेश में निवेश के सुअवसर




**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आज इंदौर में इंडिया–लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट फोरम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लेटिन अमेरिका और कैरेबियाई राजदूतों से वन-टू-वन चर्चा की। डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी सच्ची साझेदारी की बुनियाद अपनत्व और विश्वास पर निर्भर करती है। सिर्फ साझेदारी पर ही समझौते नही होते है। अब मध्यप्रदेश में निर्मित फार्मास्युटिकल, इंजीनियरिंग, आई.टी., टेक्सटाईल एवं खाद्य उत्पादों के व्यवसाय एवं कृषि में दोनों पक्षों की ओर से नवीन अवसरों को तलाशा जा सकता हैं। साथ ही रिन्युएबल एनर्जी एवं रिन्युएबल एनर्जी उत्पादों के निर्माण में भी मध्यप्रदेश बड़े स्तर की परियोजनाएं संचालित कर रहा है। वहीं मध्यप्रदेश की निवेश प्रोत्साहन नीति भारत की सबसे अच्छी नीतियों में शामिल है यदि लेटिन अमेरिका से यहाँ पर निवेश किया जाता है तो उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर भारत के घरेलू बाजार एवं अन्य देशों में निर्यात के अवसर देखे जा सकते है।

**केन्द्र एवं राज्य सरकार प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए लगातार कर रही है निवेश**


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत के मध्य में स्थित होने के कारण मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति भारतीय बाजार में व्यवसाय करने हेतु अत्यन्त उपयुक्त है। इसके अलावा मध्यप्रदेश टूरिज्म की दृष्टि से भी भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य है। प्रदेश में 24 सेंचुरीज, 12 नेशनल पार्क, 7 टाईगर रिज़र्व एवं 14 यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज साईट है। वर्तमान में केन्द्र एवं राज्य सरकार मध्यप्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास हेतु लगातार निवेश कर रही है। मध्यप्रदेश में कुशल मैन पॉवर की उपलब्धता भी प्रचुर मात्रा में है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उरुग्वे, क्यूबा, पनामा, मेक्सिको, सूरीनाम, अर्जेंटीना, ब्राजील,पेरू के राजदूतों को मप्र में निवेश करने का सबसे अच्छा समय बताया। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजनायिकों से कहा कि जनवरी 2027 में प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक समिट 'जी.आई.एस.-2027' एवं महाकाल की नगरी उज्जैन में सिंहस्थ-2028 आयोजित हो रहा है, जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से भी चर्चा की और उनसे मध्यप्रदेश के विकास में सहभागी करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भारत में उरुग्वे के राजदूत श्री अल्बर्टो गुआनी, भारत में क्यूबा के राजदूत श्री जुआन कार्लोस मार्सान, भारत में एलसाल्वाडोर के राजदूत श्री गुइलेर्मो रूबियो फुनेस, भारत में पनामा के राजदूत अलोंसोकोरे, भारत में गुयाना के उच्चायुक्त श्री धरम कुमार सीराज, भारत में पेरू के राजदूत श्री जेवियर पॉलिनिक, भारत में ग्वाटेमाला के राजदूत श्री ओमार कास्तानेदा, भारत में मैक्सिको के महावाणिज्यदूत श्री एडोल्फो गार्सिया, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी तथा ग्लोबल इंडिया बिज़नेस फोरम के प्रेसिडेंट डॉ. जितेंद्र जोशी, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के एमडी श्री चन्द्रमौली शुक्ला, आईजी श्री अनुराग, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, एमपीआईडीसी कार्यकारी संचालक श्री हिमांशु प्रजापति भी मौजूद थे।


# संभाग पोस्ट सामाजिक दृढ़ता संकल्प अभियान

## अब आपकी आवाज होगी बुलंद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के संग

आज के समाज में हम देख रहे हैं की शहरी परिवेश की बात करें या ग्रामीण परिवेश की आज के परिवेश में व्यक्ति अकेला पड़ता जा रहा है। आधुनिक तकनीकियों का इस्तेमाल करते-करते अपने आप को अकेला महसूस करता है , जब उसके ऊपर ऐसी कोई विपत्ति आती है की जब उसके परिवारजन या मित्र बंधु उसका साथ दे। तब वह पता है कि वह अकेला खड़ा है। यह आज के समाज का सत्य है। यह भारत के ७० प्रतिशत लोगों की सच्चाई है वह किसी भी प्रकार की समस्या में हो चाहे पारिवारिक या मानसिक, सामाजिक, प्रशासनिक या चिकित्सकीय हो ऐसी किसी भी समस्या में वह पाता है कि वह अकेला है। और यदि ऐसे मे किसी मोड़ पर कुछ व्यवधान उत्पन्न हो तब वह नीरस हो जाता है, और किसी न किसी प्रकार की गलती कर बैठता है । समाज की ऐसी सबसे बड़ी समस्या को लेकर हमने सामाजिक दृढ़ता संकल्प का अभियान चलाया है जिसके तहत हम उन सभी ऐसे लोगों के साथ खड़े हुए हैं जो हमसे जुड़ेंगे तथा वे लोग जो हमसे किसी न किसी प्रकार से जुड़े हुए हैं , हमारा प्रयास यह होगा कि ऐसी किसी भी समस्या में हम उनके साथ खड़े हो जिस जगह पर वह सही है और उन्हें व्यवधान,समस्या का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में संभाग पोस्ट परिवार उनके साथ खड़ा है।



- समाज में एक कहावत प्रचलित है सत्य परेशान हो सकता है। पराजित नहीं हो सकता,
- ईश्वर की इसी प्रेरणा को हमारे मीडिया चैनल हमारे अखबार ने आत्मसात किया है और हम उन सभी समाज जनों के साथ खड़े हैं जिनके साथ सत्य है।
- ईश्वर सत्य का साथ देने वाले उनके अनुयायियों की सहायता करने स्वयं नहीं आते किंतु किसी न किसी माध्यम से सत्य का साथ दे रहे व्यक्ति की सहायता जरूर करते हैं।
- हम अपने आप को धन्य समझते हैं कि हमने यह मुहिम चलाई है जिसके तहत यदि आपके साथ सत्य है तो हम आपके साथ सदा खड़े हुए हैं
- हमारे चैनल और हमारे अखबार से जुड़े हुए सभी सदस्य गण जिनकी किसी भी प्रकार की परेशानी अब उनकी नहीं वह हमारी है।
- जब समाज दृढ़ होगा, सत्य की विजय होगी जब एकता और समान व्यवहार और ज्ञान होगा तब हमारा समाज एक नए भारत का दृढ़ निश्चय भारत का निर्माण कर पाएगा
- यदि आपका काम, स्वयं आप और आपका विचार, सत्य के साथ है तो वह आपका नहीं अपितु वह हमारा विचार होगा , क्योंकि आप भारत के चौथे स्तंभ मीडिया के साथ है
- अब आम आदमी की आवाज आम आदमी की नहीं अपितु उसके साथ हमारी भी आवाज होगी इसलिए आपसे निवेदन है कि हमारे साथ शीघ्र से शीघ्र जुड़े और अपनी आवाज को एक नया आयाम दें और अपने समाज को अपने परिवार को और अपने देश को सशक्त बनाएं
- हमारे साथ जुड़ने के लिए आपको कोई नया प्रयास नहीं करना केवल सामाजिक दृढ़ता संकल्प संभाग पोस्ट अभियान का एक फॉर्म भरना है

**विचार न कीजिए तुरंत संपर्क करें: 9755648321**

**क्योंकि दृढ़ होगा समाज तो सशक्त होगा भारत और खुशहाल होगा हमारा परिवार**

सत्यम,शिवम्,सुंदरम। सत्यमेव जयते

भारत माता की जय वंदे मातरम

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पंच प्रतिज्ञा एवं पंचवटी रोपण कार्यक्रम संपन्न

## हरित परिसर, स्वच्छ पर्यावरण और पॉलीथिन मुक्त जीवन का संकल्प





**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था मालवमंथन द्वारा श्रीमती रुक्मणीबेन दीपचंदभाई गार्डी नर्सेस ट्रेनिंग सेंटर, इंदौर में पंच प्रतिज्ञा एवं पंचवटी रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के संवर्धन तथा पॉलीथिन मुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया गया। मुख्य वक्ता डॉ. स्वप्निल व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा कि केवल वृक्षारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए वृक्षों का संरक्षण और संवर्धन अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन पॉलीथिन है, जिसने भूमि, जल और जीव-जंतुओं के अस्तित्व तक को प्रभावित किया है। उन्होंने सभी से पॉलीथिन का उपयोग बंद कर पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वैशाली खरे ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को पर्यावरण संरक्षण की पंच प्रतिज्ञा दिलाई। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य लवली ए. जोशी ने विश्वास दिलाया कि संस्थान परिसर को पूर्णतः पॉलीथिन मुक्त परिसर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश को व्यवहार में उतारने हेतु सभी प्रतिभागियों को हाथों से निर्मित कागज की थैलियों का वितरण भी किया गया तथा पंचवटी के अंतर्गत विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पुखराज गहलोत, डॉ. सोनम दुबे, डॉ. सपना सिंह, कपिल गुप्ता, भावना शर्मा, नित्या व्यास सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पॉलीथिन के दुष्प्रभावों से समाज को अवगत कराना तथा हरित एवं स्वच्छ परिसर निर्माण के लिए सामूहिक जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा।

# लैटिन अमेरिका-कैरिबियन देशों का मप्र पर भरोसा, इंदौर में 350 से ज्यादा निवेशक जुटे






**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

मध्यप्रदेश के व्यापार और निवेश की दृष्टि से 6 जून का दिन बेहद खास रहा। भारत के साथ-साथ मध्यप्रदेश के भी लैटिन अमेरिका-कैरिबियन (LAC) देशों के साथ व्यापार निवेश संबंध गहरे हुए। मध्यप्रदेश ने इन देशों के बीच खुद को निवेश के केंद्र के रूप में स्थापित किया। प्रदेश ने लैटिन अमेरिकी-कैरिबियन देशों की फार्मा, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण और सेवा क्षेत्रों में ठोस साझेदारियां बनाने का प्रयास किया। इन देशों के प्रतिनिधियों की प्रदेश की 50 से ज्यादा कंपनियों के साथ बी-टू-बी और बी-टू-जी बैठकें हुईं और प्रत्यक्ष व्यापार के अवसर निकलकर आए।

अवसर था इंदौर में आयोजित 'इंडिया-लैटिन अमेरिकन एंड कैरिबियन ट्रेड एंड इंवेस्टमेंट फोरम-2026' का। कार्यक्रम में 15 देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ 350 से ज्यादा निवेशक-अधिकारी-प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को भारत-लैटिन अमेरिका और कैरिबियन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट फोरम की मेजबानी का अवसर मिलना प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए प्रसन्नता का विषय है। यह आयोजन नई आर्थिक संभावनाओं का सेतु बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में बदलते दौर में व्यापार और निवेश के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

### देशों को एमपी पर अटूट भरोसा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश और दुनिया में फूड बास्केट के तौर पर जाना जाता है। मध्यप्रदेश और ग्वाटेमाला के बीच खेती और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में मजबूत साझेदारी बन सकती है। इससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा की संभावनाओं को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लैटिन अमेरिका और कैरिबियन देशों के निवेशकों और प्रतिनिधियों का यहां आना भारत के लिए लंबी छलांग लगाने का भी अवसर है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मध्यप्रदेश का निर्यात लगभग 3 हजार 835 करोड़ तक पहुंच गया, यह 19 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। फार्मा सेक्टर के निर्यात में प्रदेश विशेष स्थान रखता है।

### जो एक बार आता है, एमपी में रह जाता है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का इंदौर और पीथमपुर फॉर्मास्युटिकल का वैश्विक हब है। हमारी दवाएं वैश्विक बाजार में पहुंच रही हैं। इसके साथ ही क्यूबा विश्व प्रसिद्ध बायोटेक एवं फॉर्मा मेडिकल सेक्टर में नवाचार के लिए अलग वातावरण उपलब्ध करा रहा है। पीथमपुर ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग प्रोडक्ट, इंडस्ट्रियल पैकिंग में मध्यप्रदेश की रीढ़ की तरह है। ब्राजील की औद्योगिक जरूरतों के लिए मध्यप्रदेश सबसे भरोसेमंद और सप्लाई चेन पार्टनर की भूमिका निभा सकता है। इंदौर तेजी से बढ़ते आईटी सेंटर के तौर पर उभरा है।

# एक हजार से अधिक बगीचों में लगेंगे वाटर रिचार्ज सिस्टम, बोरिंग का स्तर बढ़ाने की कवायद शुरू

**• इंदौर । विशेष प्रतिनिधि**

नगरीय निकाय चुनाव और आगामी मानसून की तैयारियों के बीच इंदौर नगर निगम ने जल संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। जल संवर्धन अभियान को गति देते हुए निगम प्रशासन ने अब शहर के सार्वजनिक बगीचों में मौजूद बोरिंगों पर वाटर रिचार्ज सिस्टम लगाने की व्यापक योजना तैयार की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भूजल स्तर को सुधारना और ग्रीष्मकाल में होने वाली पानी की किल्लत को दूर करना है। इस अभियान को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल समेत कई अधिकारी खुद नजर रख रहे हैं। शहर के सभी उद्यान दरोगाओं को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले ऐसे बगीचों की एक विस्तृत सूची तैयार करें जहां पहले से बोरिंग स्थापित हैं। सूची प्राप्त होने के बाद नगर निगम इन चिन्हित स्थानों पर जनसहयोग, स्वयं के बजट और विभिन्न सामाजिक संगठनों की मदद से वाटर रिचार्जिंग सिस्टम स्थापित करने का कार्य शुरू करेगा।

वर्तमान में इंदौर शहर के भीतर नगर निगम के स्वामित्व और प्रबंधन के अधीन 1300 से अधिक उद्यान आते हैं। इनमें से कई बगीचों का रख-रखाव बेहद शानदार है और वे शहर की खूबसूरती बढ़ा रहे हैं, जबकि कई उद्यान रख-रखाव के अभाव में बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। इन बदहाल बगीचों के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों के लिए निगम द्वारा कई बार निविदाएं भी आमंत्रित की गईं, लेकिन ठेकेदारों की बेरुखी के कारण काम अटका रहा। अब निगम प्रशासन ने रणनीति बदलते हुए इन उद्यानों में सीएसआर फंड और जनभागीदारी के माध्यम से वाटर रिचार्जिंग सिस्टम लगाने को प्राथमिकता दी है, जिससे बारिश का पानी सीधे जमीन के भीतर जाकर बोरिंग की क्षमता को कई गुना बढ़ा सके। जल संवर्धन की यह मुहिम केवल सरकारी बगीचों तक ही सीमित नहीं है। निगम अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, शहर के उन तमाम इलाकों को भी चिन्हित किया जा रहा है जहां बारिश के दिनों में जलजमाव की स्थिति निर्मित होती है। इसके अलावा सभी प्रमुख शासकीय भवनों और बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अपने परिसरों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। बड़े आवासीय मकानों के मालिकों को भी निगम की ओर से लगातार नोटिस और सूचना पत्र जारी किए जा रहे हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बगदून विद्यालय में वृक्षारोपण समारोह

## संस्था आस एवं ACG Care Foundation का 5 दिवसीय महाअभियान सम्पन्न





■ **पीथमपुर, बगदून। नगर प्रतिनिधि**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था आस एवं ACG Care Foundation की टीम द्वारा एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, बगदून में पर्यावरण दिवस एवं वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारी विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बगदून थाना के अधिकारियों, जन शिक्षकों एवं विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आस

संस्था के टीम द्वारा 1 से 5 जून तक 5 दिवसीय पर्यावरण जागरूकता महाअभियान भी चलाया गया, जिसके अंतर्गत 6 विद्यालयों एवं 8 समुदायों—बगदून, बरदरी, तारपुरा, धन्नड़, इंडोरामा, कालीबिल्लोद एवं मंडलावदा—में सीड बॉल मेकिंग, बर्ड फीडर मेकिंग, बर्ड हाउस निर्माण, वृक्षारोपण एवं किचन गार्डन जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद श्रीमती राजकुमारी कुशवाहा उपस्थित रहीं संकुल केंद्र से जन शिक्षक और बगदून थाना से सबइंपैक्टर कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा वृक्षारोपण कर अभियान का समापन किया।



# पोहा दिवस पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा- इंदौरी पिज्जा, बर्गर छोड पोहे को बढ़ावा दें

■ **इंदौर। नगर प्रतिनिधि**

इंदौर में अंतरराष्ट्रीय पोहा दिवस के अवसर पर राजबाड़ा में इंदौर उत्सव समिति द्वारा भव्य पोहा पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पोहा प्रेमियों ने शामिल होकर इंदौरी जायकेदार पोहे का आनंद लिया। सुबह से ही राजबाड़ा क्षेत्र में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी और पूरा परिसर पोहे की खुशबू से महक उठा।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौरवासियों को पिज्जा और बर्गर छोड़कर पोहे को बढ़ावा देना चाहिए। बच्चों को भी नूडल्स से दूर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैदा पाचन क्षमता को प्रभावित करता है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला सहित अन्य नेताओं ने मंच पर पोहे का स्वाद लिया।

विधायक रमेश मेंदोला ने कार्यक्रम में कहा कि पोहा केवल एक व्यंजन नहीं, बल्कि इंदौर की पहचान और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी पोहा दिवस को यादगार बनाने के लिए राजबाड़ा पर पोहा पार्टी आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को और अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में शहरवासियों के साथ युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान पारंपरिक इंदौरी अंदाज देखने को मिला, जहां गर्मागर्म पोहे के साथ सेव का स्वाद लोगों को खूब पसंद आया। शहर में महू नाका, उषा नगर और दशहरा मैदान पर भी पोहा दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजन किए गए।



















# अधिकारियों की कमी से प्रभावित हो रहे प्रशासनिक कार्य



## प्रदेश में पदोन्नति रुकने से गड़बड़ाया प्रशासनिक ढांचा, राज्य प्रशासनिक सेवा के आधे पद खाली

**भोपाल । विशेष प्रतिनिधि**

मध्य प्रदेश में तहसीलदारों और जिला भू-अभिलेख अधिकारियों को पदोन्नति देकर राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) में शामिल नहीं किए जाने से प्रशासनिक ढांचे में गंभीर असंतुलन पैदा हो गया है। पिछले लगभग एक दशक से पदोन्नति प्रक्रिया लंबित रहने के कारण राज्य प्रशासनिक सेवा के स्वीकृत पदों में से करीब आधे पद खाली पड़े हैं, जिससे जिलों और मंत्रालय स्तर पर प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वर्तमान में राज्य प्रशासनिक सेवा के 973 स्वीकृत पदों के मुकाबले केवल 482 अधिकारी ही कार्यरत हैं। सेवा नियमों के अनुसार 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती और शेष 50 प्रतिशत पद तहसीलदारों एवं भू-अभिलेख अधिकारियों की पदोन्नति से भरे जाने हैं, लेकिन पदोन्नति नहीं होने से बड़ी संख्या में पद रिक्त बने हुए हैं। प्रशासनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने करीब 300 तहसीलदारों को प्रभारी डिप्टी कलेक्टर का दायित्व सौंप रखा है। हालांकि उन्हें नियमित रूप से राज्य प्रशासनिक सेवा में शामिल नहीं किया गया है। इसके चलते वे ग्रेडेशन सूची में स्थान पाने और वरिष्ठता संबंधी लाभों से वंचित हैं। कई अधिकारी वर्षों से उच्च जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें पदोन्नति का वैधानिक लाभ नहीं मिल पा रहा।

### २० जिलों में एडीएम पद रिक्त

अधिकारियों की कमी का असर जिलों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। प्रदेश के लगभग 20 जिलों में अपर कलेक्टर (एडीएम) के पद खाली हैं। इनमें जबलपुर, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, सीहोर, शाजापुर, बड़वानी, बुरहानपुर, ग्वालियर, छतरपुर, निवाड़ी, इंदौर, विदिशा, रायसेन, शहडोल, बालाघाट, खंडवा और खरगोन सहित कई जिले शामिल हैं। एडीएम जैसे वरिष्ठ पदों के रिक्त रहने से राजस्व प्रशासन, कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और विकास योजनाओं की निगरानी पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। वहीं संयुक्त कलेक्टर और एसडीएम स्तर पर भी रिक्तियों के कारण राजस्व मामलों के निपटारे, लोक सेवा गारंटी और जनसुनवाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### मंत्रालय में बढ़ी युवा अधिकारियों की जिम्मेदारी

राज्य प्रशासनिक सेवा में अधिकारियों की कमी के चलते मंत्रालय और विभागाध्यक्ष कार्यालयों में बड़ी संख्या में युवा डिप्टी कलेक्टरों को अवर सचिव, ओएसडी और अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर तैनात किया गया है। सामान्य प्रशासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, आयुष तथा योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी जैसे विभागों में उन्हें अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रशासनिक विशेषज्ञों का मानना है कि सेवा के शुरुआती वर्षों में अधिकारियों को फील्ड स्तर पर अधिक अनुभव मिलना चाहिए, जिससे वे जमीनी प्रशासन की चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझ सकें।

### दो साल से नहीं हुई व्यापक पदस्थापना

सूत्रों के अनुसार पिछले करीब दो वर्षों से राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की फील्ड और मंत्रालय स्तर पर व्यापक पदस्थापना नहीं हुई है। इससे कैडर प्रबंधन प्रभावित हुआ है। कई अधिकारी स्पष्ट दायित्वों के बिना हैं, जबकि अनेक महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हुए हैं। पूर्व आईएएस अधिकारी शेखर वर्मा का कहना है कि अधिकारियों की लगातार कमी का सीधा असर प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता और गति पर पड़ता है। उनका मानना है कि सरकार को राज्य प्रशासनिक सेवा के रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए पदोन्नति प्रक्रिया तेज करनी चाहिए।

इस बीच राज्य शासन की स्थानांतरण नीति 2026-27 के तहत जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने स्वैच्छिक स्थानांतरण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों के आवेदन 3 जून से 8 जून तक ई-एचआरएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदक अधिकतम 15 संस्थाओं या कार्यालयों का विकल्प चुन सकेंगे। आवेदन के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज पीडीएफ स्वरूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि 5 जून तक सभी रिक्त पदों की जानकारी ई-एचआरएमएस पोर्टल पर दर्ज की जाए, ताकि स्थानांतरण प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संचालित की जा सके।

चेतन टेलर्स
(सूट स्पेशलिस्ट)
सुनिल खटके
मो. 9893118079
30/1.परदेशीपुरा, शिवधाम के सामने, इंदौर

# पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण श्री वर्मा ने जनसंवाद कार्यक्रम में सुनी आमजन की समस्याएं

## जनहितकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर किया संवाद

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण श्री राजेंद्र कुमार वर्मा ने आज थाना चंद्रावतीगंज का भ्रमण कर जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन से संवाद किया। इस दौरान कार्यक्रम में अनुभागीय अधिकारी पुलिस श्री धवेश सिंह, उप पुलिस अधीक्षक श्री नितिन सिंह यादव, रक्षित निरीक्षक श्री योगेंद्र भाटी, थाना प्रभारी चंद्रावतीगंज श्री विनय आर्य सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में चंद्रावतीगंज एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 200 महिला एवं पुरुष नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा ने पुलिस विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए राहगीरी योजना, राहत योजना, हिट एंड रन योजना, महिला सुरक्षा, नाबालिगों से संबंधित अपराधों की रोकथाम तथा कानून व्यवस्था संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग आमजन की सुरक्षा, सहायता एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर कार्यरत है तथा इसमें नागरिकों का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगामी त्योहारों, सार्वजनिक आयोजनों, हाट-बाजारों एवं यातायात व्यवस्था के दौरान पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने थाना चंद्रावतीगंज की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए थाना भवन की सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं पुलिस स्टाफ के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। नागरिकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने संबंधी सुझाव भी दिए गए।

पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा ने क्षेत्र के बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं आवासीय कॉलोनियों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए जनसहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों को 'सुरक्षित चंद्रावती - हमारी साझा जिम्मेदारी' अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए, महिला एवं संवेदनशील मामलों में विशेष गंभीरता बरती जाए, घटनाओं पर तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए तथा क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग एवं संपर्क बनाए रखा जाए।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने क्षेत्र में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करने तथा आमजन की समस्याओं को सुनने के लिए पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया।

शुद्ध मावे की मिठाइयों के निर्माता एवं विक्रेता
श्री चारभुजा
स्वीट्स एवं नमकीन
गुलाब जामुन, मावाबाटी, काला जामुन, रसगुल्ला इत्यादि
662/9, नेहरु नगर, अटल द्वार, इन्दौर
शाखा : 60, न्यू देवास रोड, राजकुमार ब्रिज, इंदौर

RAVI S. SAHU
Managing Director
+91-98260-77714
स्वाद का जादू-जागे घर घर...
रवि®
मसाले बस चुटकी भर...
मसाले एवं पापड़
RAVI HOME INDUSTRIES
12, Nirmal Nagar, Piplyahana, Indore - 452 001, Ph. : 0731-2490449
Web : www.ravihomeind.com | E-mail : ravisahurhi@gmail.com

॥ श्री गणेश ॥ ॥ जय माँ भगवती ॥
सेवक राम केवट (छोटू उस्ताद)
मो. 9826012658, 9131711406
माँ नर्मदा केटरर्स
107, नार्थ मुसाखेड़ी, अजयबाग कॉलोनी, इन्दौर
शादी, पार्टी, पिकनिक, जन्मदिन पर कच्ची एवं पक्की रसोई की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु सम्पर्क करें।

अनुप यादव 9617246247
अमन यादव 7773007307 8770131488
सावित्री हार्डवेयर
सेनेटरी एण्ड पेन्ट्स
ASTRAL PIPES
Kisan
92 हीरा नगर MR-10 मेन रोड, इन्दौर (म.प्र.)

त्रिगुण दास बौरासी
कुलदीप बौरासी
मो. 9405852932
लक्ष्मी आप्टीशियन
सभी प्रकार के नजर व धूप के चश्मे बनाए जाते हैं
फोन : 0731-2545493
352/2, पाटनीपुरा (भेरु मंदिर के पीछे) प्रिंस टेलर के बीच वाली गली में, इंदौर

### माता पिता द्वारा बेटे का स्ट्रेचर खींचने का मामला

# एमवाय में दो कर्मचारियों की नौकरी गई, अधीक्षक को नोटिस दिया

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

इंदौर के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय और सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल के बीच भीषण गर्मी में एक बीमार बच्चे को स्ट्रेचर पर ले जाने के मामले में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर अरविंद घनघोरिया ने कड़ा रुख अपनाया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए कई कर्मचारियों पर गाज गिराई है।

**वेतन कटौती और सेवा समाप्ति के आदेश**

अस्पताल प्रबंधन ने इस घोर लापरवाही के मामले में तीन स्टाफ नर्स प्रीति, गोविंद और फारुख के साथ-साथ डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव और वार्ड बॉय विजय कामले का एक दिन का वेतन काटने के आदेश जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त लापरवाही बरतने के आरोप में हेल्प डेस्क के नरेंद्र महाजन और सुरक्षाकर्मी राजेश मिश्रा की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली निजी कंपनी पर एक लाख रुपए का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं एमवायएच के अधीक्षक डॉक्टर अशोक यादव और न्यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर परेश सिसोदिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा मामले में जिम्मेदारी तय करते हुए डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव का 7 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए हैं।



**एंबुलेंस न मिलने पर माता-पिता ने खुद खींचा था स्ट्रेचर**

यह पूरी कार्रवाई ग्यारह वर्षीय आदर्श मलक के माता-पिता का शुक्रवार को एक वीडियो वायरल होने के बाद हुई है। जबरन कॉलोनी के रहने वाले गोलू मलक और ज्योति ने बताया कि उनका बेटा पिछले कुछ समय से चलने-फिरने में असमर्थ है और बीस मई से एमवाय अस्पताल में भर्ती है। डॉक्टरों ने बच्चे की रीढ़ की हड्डी से जुड़े बेल्ट के लिए उसे सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में रेफर किया था। अस्पताल स्टाफ और एम्बुलेंस मिलने में अत्यधिक देरी होने के कारण मजबूर होकर माता-पिता दोनों खुद ही बच्चे को स्ट्रेचर पर लिटाकर तपती धूप में करीब एक किलोमीटर दूर दूसरे अस्पताल के लिए निकल पड़े। वहां कागजी कार्रवाई के बाद उन्हें वापस एमवाय भेज दिया गया, जिसके बाद वे दोबारा उसी हालत में वापस लौटे।

**अपना दुपट्टा भिगोकर बेटे को ठंडक देने का प्रयास करती रही मां**

चिकित्सीय दस्तावेजों के अनुसार आदर्श हाइपोहाइड्रोटिक एक्टोडर्मल डिस्प्लेसिया नामक एक अत्यंत दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है। इस बीमारी के कारण मरीज के शरीर में पसीना बनाने वाली ग्रंथियां विकसित नहीं हो पाती हैं, जिससे उसे सामान्य से बहुत ज्यादा गर्मी लगती है। पसीना न आने के कारण शरीर का तापमान नियंत्रित नहीं रहता। यही वजह थी कि भीषण गर्मी के बीच रास्ते भर मां अपने दुपट्टे को पानी में भिगोकर बच्चे के शरीर पर रखती रही ताकि उसका तापमान सामान्य बना रहे।

# इंस्टाग्राम आईडी को लेकर दोस्त बना कातिल, गला घोंटकर की हत्या

### शराब पार्टी के दौरान हुआ था विवाद

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

बाणगंगा थाना क्षेत्र में दोस्ती को शर्मसार करने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक युवक ने अपने ही दोस्त की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन घटनास्थल पर मिली एक चप्पल ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक रोहित और आरोपी देवेंद्र पीओपी लगाने का काम करते थे। दोनों कई वर्षों से साथ रह रहे थे और एक ही मोबाइल फोन का उपयोग करते थे। इतना ही नहीं, दोनों एक ही इंस्टाग्राम आईडी भी संचालित करते थे। घटना वाले दिन दोनों एक निर्माणाधीन भवन में बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान इंस्टाग्राम आईडी चलाने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि देवेंद्र ने गुस्से में आकर रोहित का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। शुरुआत में देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह पार्टी के बाद घर लौट आया था और उसे घटना की कोई जानकारी नहीं है। वहीं सुबह जब रोहित नहीं उठा तो परिजनों को इसकी सूचना दी गई। परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद जांच शुरू की गई। एडिशनल डीसीपी प्रियंका डुडवे ने बताया कि जांच के दौरान घटनास्थल से एक चप्पल बरामद हुई। इसी अहम सुराग के आधार पर पुलिस ने आरोपी तक पहुंच बनाई। पूछताछ में पहले तो देवेंद्र पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि इंस्टाग्राम आईडी के उपयोग को लेकर हुए विवाद के बाद उसने रोहित की गला दबाकर हत्या कर दी थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## मालवीय नगर सडक़ में देरी पर भडक़े कमिश्नर, कंपनी पर पैनल्टी लगाने के निर्देश

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

नगर निगम द्वारा एलआईजी लिंक रोड के लिए मालवीय नगर में सडक़ निर्माण कार्य कराया जा रहा है और सडक़ निर्माण में कार्य देरी पर कल निरीक्षण करने पहुंचे निगमायुक्त भडक़ गए। उन्होंने संबंधित कंपनी पर पैनल्टी लगाने के साथ-साथ लापरवाह कंसल्टेंट और अधिकारियों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा एलआईजी लिंक रोड की कई बाधाएं हटाने के बाद अब वहां सडक़ निर्माण कार्य शुरू कराया गया थे। सबसे ज्यादा मालवीय नगर गली नंबर 2 में तोडफ़ोड़ हुई थी और बड़ी संख्या में मकान, दुकान के हिस्से तोडने के बाद नगर निगम ने वहां सडक़ निर्माण कार्य शुरू कराया था। अभी भी वहां कई हिस्सों में लाइनें बिछाने के ही काम चल रहे हैं। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर और कई अन्य अधिकारियों के साथ मालवीय नगर में चल रहे सडक़ निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां कई हिस्सों में धीमी गति से काम चलता पाया गया। इस पर कमिश्नर ने अफसरों को फटकार लगाई और वहां निर्माण कार्य कर रहे हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी के खिलाफ पैनल्टी लगाने को कहा। कमिश्नर ने कहा कि काफी समय से धीमी गति से काम चल रहा है और उन्होंने कंसल्टेंट को भी फटकार लगाई और निर्माण कार्य में देरी पर उन्होंने कंसल्टेंट के साथ-साथ लापरवाही अधिकारियों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों से कहा कि सडक़ निर्माण के दौरान वे पूरे समय इसकी मानिटरिंग करें, ताकि सडक़ निर्माण कार्य घटिया ना हो और समय सीमा में सडक़ निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। इसके साथ ही वे सांवेर रोड पर भी अलग-अलग हिस्सों में बन रही सडक़ों का निरीक्षण करने पहुंचे।

### इंदौर में अनोखा विवाद

# दो युवतियों के साथ रहने पर परिजनों को आपत्ति, हमला करने का आरोप; दोनों ने मांगी सुरक्षा

■ इंदौर । संभाग पोस्ट


इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रहने वाली दो युवतियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों युवतियां एक-दूसरे की करीबी मित्र हैं और साथ रहने की इच्छा जता रही हैं, लेकिन उनके परिवारों को इस संबंध पर आपत्ति है। इसी विवाद के चलते एक पक्ष के परिजनों पर दूसरी युवती के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों नितेश, उमेश, कृष्णा और नेहा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी दूसरी युवती से पिछले करीब पांच वर्षों से मित्रता है। दोनों विभिन्न स्थानों की यात्राएं भी कर चुकी हैं। पीड़िता का आरोप है कि उसकी मित्र के पति को उनकी दोस्ती पर संदेह था, जिसके चलते अक्सर विवाद की स्थिति बनती रहती थी। शिकायत के मुताबिक, देर रात दोनों युवतियां अपने घरों से कुछ दूरी पर मिल रही थीं। इसी दौरान दूसरी युवती के परिजन वहां पहुंच गए और विवाद के बाद पीड़िता के साथ मारपीट की। घटना में उसे चोटें आईं, जिसके बाद उसने द्वारकापुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दोनों युवतियों ने परिवार से अलग रहकर साथ रहने की इच्छा जताई है तथा अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस से संरक्षण की मांग भी की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मूसाखेड़ी में परिवार पर जानलेवा हमला, दो लोगों को चाकू मारने का आरोप

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

मूसाखेड़ी स्थित मयूर नगर में रहने वाले रणजीत सिंह राजपूत के परिवार पर देर रात करीब 2:30 बजे जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जतिन शिंदे, मुकेश शिंदे, रीतिक शिंदे और अभय शिंदे समेत अन्य लोगों ने मिलकर उनके घर पर हमला किया।परिवार के अनुसार हमले में दो लोगों को चाकू मारे गए, जिससे उनके पेट में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं घर की महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई और उन्हें लाठी-डंडों से पीटा गया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि आरोपी पक्ष के विनोद शिंदे ने भी महिलाओं के साथ मारपीट की, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।पीड़ित परिवार का कहना है कि गंभीर चोटों और चाकूबाजी की घटना के बावजूद पुलिस ने साधारण धाराओं में मामला दर्ज किया और उचित कार्रवाई नहीं की। परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही के कारण क्षेत्र में कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।फिलहाल मामले में पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



कार्यालय पताः 201, दूसरी मंजिल, इंदौर प्रेस क्लब परिसर, एम.जी. रोड, (जिला न्यायालय के सामने), इंदौर (म.प्र.),

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक नवीन गलकर द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस काम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-119, वीणा नगर, सुखलिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादकः नवीन गलकर, मो. 9009919948